Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

Hindi

Simplifying

**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS

SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA

SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET

CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________
(In words)

**D 2 0 1 3**

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# हिन्दी

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** 'कॉमरेड का कोट' किसकी रचना है ?
(A) अमरकांत
(B) राजेश जोशी
(C) सृंजय
(D) फणीश्वरनाथ रेणु

**2.** 'उक्तिव्यक्तिप्रकरण' के लेखक कौन हैं ?
(A) पुष्पदंत
(B) रोड़ कवि
(C) ठाकुर ज्योतिरीश्वर
(D) दामोदर शर्मा

**3.** 'श्यामा स्वप्न' के लेखक कौन हैं ?
(A) किशोरीलाल गोस्वामी
(B) ठाकुर जगन्मोहन सिंह
(C) ब्रजनंदन सहाय
(D) गोपालराम गहमरी

**4.** 'मेरी तेरी उसकी बात' के लेखक कौन हैं ?
(A) भगवतीचरण वर्मा
(B) यशपाल
(C) अमृतलाल नागर
(D) शिवप्रसाद सिंह

**5.** इनमें से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी वर्ग की नहीं है ?
(A) अवधी
(B) ब्रज
(C) बुन्देली
(D) कन्नौजी

**6.** 'श' ध्वनि का उच्चारण स्थान है
(A) मूर्धन्य
(B) तालव्य
(C) दन्त्य
(D) ओष्ठ्य

**7.** 'भाषा और समाज' के लेखक कौन हैं ?
(A) राम विलास शर्मा
(B) देवेन्द्र नाथ शर्मा
(C) धीरेन्द्र वर्मा
(D) उदयनारायण तिवारी

**8.** 'अनुमितिवाद' की अवधारणा किसकी है ?
(A) शंकुक
(B) रुद्रट
(C) भट्टनायक
(D) विश्वनाथ

**9.** 'जादुई यथार्थवाद' के प्रतिष्ठापक कौन हैं ?
(A) कीट्स
(B) देरिदा
(C) फ्रॉयड
(D) बुअलो

**10.** उत्तर संरचनावाद के मुख्य विचारक हैं
(A) दान्ते
(B) ब्रेडले
(C) सास्यूर
(D) जॉनसन

**11.** 'अर्धकथानक' किस भाषा की रचना है ?
(A) अवधी
(B) ब्रज
(C) बुंदेली
(D) राजस्थानी

**12.** इनमें से कौन सी दलित आत्मकथा नहीं है ?
(A) नागफनी
(B) जूठन
(C) अपनी खबर
(D) मुर्दहिया

**13.** "उज्ज्वल वरदान चेतना का, सौन्दर्य जिसे सब कहते हैं ।"
यह पंक्ति कामायनी के किस सर्ग से है ?
(A) श्रद्धा
(B) आशा
(C) लज्जा
(D) आनंद



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**14.** "सुनिहै कथा कौन निर्गुन की,
रचि पचि बात बनावत
सगुन सुमेरु प्रगट देखियत,
तुम तृन की ओट दुरावत ।"
ये पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(A) सूरदास (B) नंददास
(C) कृष्णदास (D) परमानंद दास

**15.** "कितना अनुभूतिपूर्ण था वह एक क्षण का आलिंगन ?"
कथन किस रचना से है ?
(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) प्रेमयोगिनी
(C) कर्पूर मंजरी
(D) नीलदेवी

**16.** 'आखिरी कलाम' काव्य का प्रतिपाद्य विषय है
(A) इस्लाम दर्शन
(B) प्रेमाख्यान
(C) लोक संस्कृति
(D) युगबोध

**17.** 'तद्‌भव' पत्रिका का प्रकाशन स्थल है
(A) भोपाल (B) दिल्ली
(C) लखनऊ (D) अहमदाबाद

**18.** 'व्योमकेश दरवेश' के लेखक कौन हैं ?
(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) यशपाल
(C) रुद्र काशिकेय
(D) विश्वनाथ त्रिपाठी

**19.** इनमें से किस कवि का समावेश अज्ञेय संपादित "चौथा सप्तक" में किया गया है ?
(A) जगदीश गुप्त
(B) सुमन राजे
(C) नागार्जुन
(D) शम्भुनाथ सिंह

**20.** 'अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा' किस विधा से संबंधित रचना है ?
(A) उपन्यास
(B) रेखाचित्र
(C) यात्रा वृत्तांत
(D) कहानी

**21.** निम्नलिखित लेखकों का जन्म के अनुसार सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) प्रतापनारायण मिश्र – बालमुकुन्द गुप्त – बालकृष्ण भट्ट – राजा लक्ष्मण सिंह
(B) बालमुकुन्द गुप्त – राजा लक्ष्मण सिंह – प्रतापनारायण मिश्र – बालकृष्ण भट्ट
(C) राजा लक्ष्मण सिंह – बालकृष्ण भट्ट – प्रतापनारायण मिश्र – बालमुकुन्द गुप्त
(D) बालकृष्ण भट्ट – प्रतापनारायण मिश्र – बालमुकुन्द गुप्त – राजा लक्ष्मण सिंह

**22.** इन कृतियों का काल के आधार पर सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) रसिकप्रिया – शृंगार मंजरी – षड्‌ऋतु वर्णन – रस रहस्य
(B) शृंगार मंजरी – रसिकप्रिया – रस रहस्य – षड्‌ऋतुवर्णन
(C) रस रहस्य – षड्‌ऋतु वर्णन – शृंगार मंजरी – रसिकप्रिया
(D) षड्‌ऋतु वर्णन – रस रहस्य – रसिकप्रिया – शृंगार मंजरी

**23.** निम्नलिखित मनोवैज्ञानिक उपन्यासों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) संन्यासी – अजय की डायरी – अपने अपने अजनबी – कल्याणी
(B) कल्याणी – संन्यासी – अजय की डायरी – अपने अपने अजनबी
(C) अजय की डायरी – कल्याणी – अपने अपने अजनबी – संन्यासी
(D) अपने अपने अजनबी – संन्यासी – अजय की डायरी – कल्याणी

**24.** प्रकाशन के अनुसार निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम क्या है ?
(A) कोर्ट मार्शल – कबिरा खड़ा बाजार में – कथा एक कंस की – द्रौपदी
(B) कबिरा खड़ा बाजार में – कथा एक कंस की – द्रौपदी – कोर्ट मार्शल
(C) कथा एक कंस की – द्रौपदी – कोर्ट मार्शल – कबिरा खड़ा बाजार में
(D) द्रौपदी – कथा एक कंस की – कबिरा खड़ा बाजार में – कोर्ट मार्शल



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**25.** प्रकाशन के अनुसार इन पत्रिकाओं का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) हिन्दी प्रदीप – ब्राह्मण – चाँद – हंस

(B) ब्राह्मण – चाँद – हंस – हिन्दी प्रदीप

(C) चाँद – हंस – हिन्दी प्रदीप – ब्राह्मण

(D) हंस – हिन्दी प्रदीप – ब्राह्मण – चाँद

**26.** काल के अनुसार निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) खुमाण रासो – बीसलदेव रासो – चन्दनबाला रास – पउमचरिउ

(B) बीसलदेव रासो – चन्दनबाला रास – पउमचरिउ – खुमाण रासो

(C) पउमचरिउ – खुमाण रासो – बीसलदेव रासो – चन्दनबाला रास

(D) चन्दनबाला रास – पउमचरिउ – खुमाण रासो – बीसलदेव रासो

**27.** काल के अनुसार निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) भोजराज – रूय्यक – विश्वनाथ – वामन

(B) वामन – भोजराज – रूय्यक – विश्वनाथ

(C) रूय्यक – विश्वनाथ – वामन – भोजराज

(D) विश्वनाथ – वामन – भोजराज – रूय्यक

**28.** इन ग्रंथों का काल के आधार पर सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) काव्यादर्श – ध्वन्यालोक – काव्यप्रकाश – साहित्य दर्पण

(B) ध्वन्यालोक – काव्यप्रकाश – साहित्य दर्पण – काव्यादर्श

(C) काव्यप्रकाश – साहित्य दर्पण – काव्यादर्श – ध्वन्यालोक

(D) साहित्य दर्पण – काव्यादर्श – ध्वन्यालोक – काव्यप्रकाश

**29.** चरण में मात्राओं की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर मात्रिक छंदों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) पीयूषवर्धक – रोला – गीतिका – चौपाई

(B) रोला – गीतिका – चौपाई – पीयूषवर्धक

(C) गीतिका – चौपाई – पीयूषवर्धक – रोला

(D) चौपाई – पीयूषवर्धक – रोला – गीतिका

**30.** प्रकाशन के अनुसार इन उपन्यासों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) नदी के द्वीप – अँधेरे बंद कमरे – वे दिन – भाग्यवती

(B) अँधेरे बंद कमरे – वे दिन – भाग्यवती – नदी के द्वीप

(C) वे दिन – भाग्यवती – नदी के द्वीप – अँधेरे बंद कमरे

(D) भाग्यवती – नदी के द्वीप – अँधेरे बंद कमरे – वे दिन

**31.** निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके सम्पादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | कविवचन सुधा | i. | प्रतापनारायण मिश्र |
| b. | ब्राह्मण | ii. | बालकृष्ण भट्ट |
| c. | हिन्दी प्रदीप | iii. | प्रेमचंद |
| d. | विश्वभारती | iv. | बाबू हरिश्चन्द्र |
| | | v. | हजारीप्रसाद द्विवेदी |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | v |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | i | ii | v |
| (D) | v | iv | ii | iii |

**32.** निम्नलिखित कृतियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | मैंने स्मृति के दीप जलाए | i. | शिवपूजन सहाय |
| b. | भावों की तीर्थयात्रा | ii. | फणीश्वरनाथ रेणु |
| c. | वे दिन वे लोग | iii. | रामनाथ सुमन |
| d. | वन तुलसी की गंध | iv. | विष्णु प्रभाकर |
| | | v. | महादेवी वर्मा |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | v |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | v | iv | ii | iii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**33.** निम्नलिखित कृतियों को उनके विधा रूपों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | एक कंठ विषपायी | i. | जीवनी |
| b. | अन्या से अनन्या | ii. | यात्रा-वृत्तांत |
| c. | एक बूँद सहसा उछली | iii. | गीति नाट्य |
| d. | उत्तरयोगी : श्री अरविंद | iv. | आत्मकथा |
| | | v. | संस्मरण |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | v | iv | i | ii |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**34.** निम्नलिखित लम्बी कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | हरिजन गाथा | i. | अरुण कमल |
| b. | बाघ | ii. | निराला |
| c. | शिवाजी का पत्र | iii. | केदारनाथ सिंह |
| d. | प्रमथ्यु गाथा | iv. | नागार्जुन |
| | | v. | धर्मवीर भारती |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | v |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | v | iv | ii | iii |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**35.** निम्नलिखित पंक्तियों के साथ उनके लेखकों को सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ । | i. | बालकृष्ण भट्ट |
| b. | नाद सौंदर्य से कविता की आयु बढ़ती है । | ii. | हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| c. | साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है । | iii. | प्रतापनारायण मिश्र |
| d. | आचरण की सभ्यता का यह देश ही निराला है । | iv. | रामचन्द्र शुक्ल |
| | | v. | सरदार पूर्णसिंह |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iv | i | v |
| (C) | ii | iii | iv | v |
| (D) | v | i | ii | iii |

**36.** निम्नलिखित निबंध संग्रहों को उनके निबंधकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | मेरे राम का मुकुट भीग रहा है । | i. | कुबेरनाथ राय |
| b. | प्रिया नीलकंठी | ii. | धर्मवीर भारती |
| c. | ठेले पर हिमालय | iii. | हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| d. | आलोक पर्व | iv. | विद्यानिवास मिश्र |
| | | v. | विष्णुकांत शास्त्री |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | v |
| (B) | v | iii | ii | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | ii | iii | i |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**37.** निम्नलिखित कवियों को उनकी पंक्तियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | अज्ञेय | i. | बात बोलगी हम नहीं, भेद खोलेगी बात ही |
| b. | निराला | ii. | मुक्त करो नारी को मानव |
| c. | पंत | iii. | रूपों में एक अरूप सदा खिलता है । |
| d. | शमशेर बहादुर सिंह | iv. | बाँधो न नाव इस ठाँव बंधु |
| | | v. | व्यक्ति का है धर्म तप, करुणा, क्षमा |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | i | v |
| (D) | v | iv | iii | ii |

**38.** निम्नलिखित पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | केशव कहि न जाइ का कहिए । | i. | सूर |
| b. | अविगत गति कछु कहत न आवै । | ii. | कबीर |
| c. | राम भगति अनियारे तीर । | iii. | जायसी |
| d. | जोरी लाइ रकत कै लेई । | iv. | तुलसी |
| | | v. | मीरा |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | v | iii | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | ii | iii | i | v |

**39.** निम्नलिखित कृतियों को उनके कवि आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | रस रहस्य | i. | भिखारीदास |
| b. | रससारांश | ii. | कुलपति मिश्र |
| c. | कविकुल कल्पतरु | iii. | मतिराम |
| d. | ललित ललाम | iv. | चिंतामणि |
| | | v. | पद्माकर |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | v | iv | iii | ii |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**40.** निम्नलिखित रचनाओं को उनकी भाषा के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | कवितावली | i. | पिंगल |
| b. | पृथ्वीराज रासो | ii. | ब्रज |
| c. | बरवैनायिका भेद | iii. | खड़ी बोली |
| d. | अमीर खुसरो की मुकरिया | iv. | अवधी |
| | | v. | भोजपुरी |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | v | iv | iii | ii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**41.** **स्थापना (Assertion) (A) :** उत्तर आधुनिकता वृद्ध पूँजीवाद है ।

**तर्क (Reason) (R) :** इसमें विश्व बाजार से प्रभावित तीसरी दुनिया का उपभोक्तावादी चिन्तन ज्यादा मुखर हुआ है ।

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) और (R) दोनों गलत

(C) (A) और (R) दोनों सही

(D) (A) गलत (R) सही

**42.** **स्थापना (Assertion) (A) :** अधिकतर मनोवेत्ताओं के मतानुसार बुद्धिवादी पाठक का रचना के साथ पूर्ण तादात्म्य अथवा साधारणीकरण सहज सम्भव नहीं है ।

**तर्क (Reason) (R) :** आस्वादन के समय पाठक "वेदान्तर शून्य" हो जाता है, अत: मानसिक अन्तराल, के कारण उसका साधारणीकरण हो सकता है ।

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) और (R) दोनों सही

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) और (R) दोनों गलत



Prepp
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43.** **स्थापना (Assertion) (A) :** वक्रोक्ति स्वतंत्र संप्रदाय न होकर आचार्य कुन्तक का एकल मतवाद है ।

**तर्क (Reason) (R) :** संप्रदाय में एकाधिक विचारकों की सहभागिता अनिवार्य होती है । इसे अधिकतर आचार्यों ने अलंकार माना है, संप्रदाय नहीं ।

(A) (A) सही (R) सही
(B) (A), (R) दोनों गलत
(C) (A) सही (R) गलत
(D) (R) सही (A) गलत

**44.** **स्थापना (Assertion) (A) :** 'रमणीयार्थ प्रतिपादक' प्रत्येक "शब्द" काव्य नहीं होता ।

**तर्क (Reason) (R) :** जब सर्वोत्तम शब्द अपने सर्वोत्तम क्रम में किसी वाक्य में सुगठित हो जाता है, तब वह काव्य का स्तर प्राप्त करता है ।

(A) (A) और (R) दोनों गलत
(B) (A) और (R) दोनों सही
(C) (A) गलत (R) सही
(D) (A) सही (R) गलत

**45.** **स्थापना (Assertion) (A) :** प्रतीकवाद एक प्रकार का काव्यात्मक रहस्यवाद है ।

**तर्क (Reason) (R) :** इसमें केवल रहस्यपूर्ण और वक्रतापूर्ण सृजन किया जाता है ।

(A) (A) सही (R) गलत
(B) (A) और (R) दोनों सही
(C) (A) और (R) दोनों गलत
(D) (A) गलत (R) सही

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे सम्बन्धित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के उत्तरों के दिए गये बहु-विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

'कल्पना' और 'व्यक्तित्व' की, पाश्चात्य समीक्षा-क्षेत्र में, इतनी अधिक मुनादी हुई कि काव्य के और सब पक्षों से दृष्टि हटकर इन्हीं दो पर जा जमी । 'कल्पना' काव्य का बोधपक्ष है । कल्पना में आई रूप-व्यापार-योजना का कवि या श्रोता को अंत:साक्षात्कार का बोध होता है । पर इस बोधपक्ष के अतिरिक्त काव्य का भावपक्ष भी है । कल्पना को रूप योजना के लिए प्रेरित करने वाले और कल्पना में आई हुई वस्तुओं में श्रोता या पाठक को रमानेवाले रति, करुणा, क्रोध, उत्साह, आश्चर्य इत्यादि भाव या मनोविकार होते हैं । इसी से भारतीय दृष्टि ने भावपक्ष को प्रधानता दी और रस के सिद्धान्त की प्रतिष्ठा की । पर पश्चिम में 'कल्पना' – 'कल्पना' की पुकार के सामने धीरे-धीरे समीक्षकों का ध्यान भावपक्ष से हट गया और बोधपक्ष ही पर भिड़ गया । काव्य की रमणीयता उस हल्के आनन्द के रूप में ही मानी जाने लगी जिस आनन्द के लिए हम नई-नई सुन्दर भड़कीली और विलक्षण वस्तुओं को देखने जाते हैं । इस प्रकार कवि तमाशा दिखाने वाले के रूप में और श्रोता या पाठक तटस्थ तमाशबीन के रूप में समझे जाने लगे । केवल देखने का आनन्द कुछ विलक्षण को देखने का कुतूहल मात्र होता है ।

**46.** कवि या श्रोता को अंत:साक्षात्कार बोध किस का होता है ?

(A) व्यक्तित्व का ।
(B) विलक्षणता का ।
(C) कल्पना में आई रूप-व्यापार-योजना का ।
(D) मनोविकारों का ।

**47.** भारतीय दृष्टि ने काव्य में किस सिद्धांत की प्रतिष्ठा की ?

(A) रस सिद्धांत की ।
(B) कुतूहल सिद्धांत की ।
(C) कल्पना सिद्धांत की ।
(D) श्रोता या पाठक की तटस्थता की ।

**48.** केवल देखने का आनन्द क्या है ?

(A) रसानुभूति ।
(B) श्रोता या पाठक को काव्य का मर्म समझाना ।
(C) भावपक्ष को प्रबल बनाना ।
(D) कुछ विलक्षण को दिखाने का कुतूहल मात्र ।

**49.** 'कल्पना' काव्य का कौन सा पक्ष है ?

(A) भावपक्ष ।
(B) बोधपक्ष ।
(C) रमणीय पक्ष ।
(D) अलंकार पक्ष ।

**50.** काव्य में पाश्चात्य समीक्षा क्षेत्र में सर्वाधिक चर्चा किस तत्त्व को लेकर हुई है ?

(A) भावपक्ष की ।
(B) रस सिद्धांत की प्रतिष्ठा की ।
(C) काव्य में गम्भीर रमणीयता की ।
(D) कल्पना और व्यक्तित्व की ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in